हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

12 नदी में मनाया गया शाही दशहरा



12 दुर्गा पंडाल में हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा





B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड-114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि-14/10/24

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## नौकायन अभ्यास








**महासमुंद।** जिले के सबसे बड़े जलाशय शहीद वीरनारायण सिंह जलाशय (कोडार) में इन दिनों छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश के एनसीसी के जवान नौकायन अभ्यास में जुटे हुए हैं। बता दें कि रविवार को 1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी रायपुर के कमान अधिकारी लेफ्टिनेन्ट कमांडर की अगुवाई में पाल नौकायान अभ्यास सैलिंग एक्स्पीडिसन कैंप की शुरूआत हुई। कैंप में छत्तीसगढ़ से 35 एडी कैडेट्स एवं 06 एसडब्लू कैडेट्स और मध्य प्रदेश के भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर के 19 एसडब्लू कैडेट्स अलग-अलग महाविद्यालयों के कुल 60 एनसीसी एसडी एवं एसडब्लू कैडेट्स शामिल हुए हैं। कैडेटों में पाल नौकायान को लेकर खूब उत्साह देखने को मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### नयापारा में दो युवकों के साथ मारपीट

**महासमुंद।** गिरवी रखे मोबाईल को छुड़ाने पहुंचे युवकों के साथ शहर के नयापारा इलाके में चाकूबाजी और मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। नगर के नयापारा में दो युवकों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को मनीष यादव ने बताया कि करीब दो माह पूर्व टिकेश्वर सारथी अपने मोबाईल को साहिल के पास 2000 रुपए में गिरवी रखा था, जिसे लेने के लिए 11 अक्टूबर को साहिल के घर प्रार्थी अपने साथी टिकेश्वर सारथी, हिमांशु साहू के साथ गए और साहिल को गिरवी में रखे मोबाइल को वापस देने कहा। साहिल द्वारा बहुत दिनों बाद मोबाईल छुड़ाने आए हो, मुझे पैसे की आवश्यकता थी, कहकर गाली देने लगा। दोनों पक्षों द्वारा की गई गाली गलौच के बाद साहिल और उसका साथी धन्नू मारपीट करने लगे। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए साहिल ने अपने पेंट की जेब से चाकू जैसी नुकीला वस्तु निकाली और टिकेश्वर सारथी के पेट में दाहिने ओर प्राणघातक वार किया। जिसके बाद टिकेश्वर जमीन पर गिर गया और आरोपी वहां से भाग गए। मारपीट में हिमांशु साहू को भी चोटें आई।

## कार्यशाला : प्राथमिक सदस्यता के लिए हर बूथों पर हो पूरा फोकस : सिन्हा

# निर्धारित लक्ष्य में 1 लाख सदस्य कम ऑफलाइन सदस्यों की गिनती शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में 2 लाख 80 हजार सदस्यों के लक्ष्य को पूरा करने अब केवल 2 दिन शेष हैं। भाजपा संगठन सूत्र बताते हैं कि 7 अक्टूबर तक 1 लाख 60 हजार ऑनलाईन सदस्य बनाए जा चुके हैं और अब तक इनमें ऑफलाइन के सदस्य नहीं जोड़े जा सके हैं। वही संगठन का दावा है कि लक्ष्य से अधिक सदस्य जिले में होंगे। सदस्यता अभियान की वास्तविक स्थिति और आगामी लक्ष्य की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा की उपस्थिति में रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला हुई।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि प्राथमिकता सदस्यता के लिए 13, 14 और 15 अक्टूबर को भाजपा का विशेष अभियान हर बूथ पूरी सक्रियता से चलाया जाएगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने जिले की सदस्यता अभियान में जुटे जिला, मंडल कार्यकर्ताओं से सदस्यता सम्बन्धी विस्तृत आवश्यक जानकारी लेते हुए कहा कि विगत 2 सितंबर को अभियान की शुरुआत हुई। सक्रिय सदस्यता कार्यशाला का संचालन सदस्यता अभियान के जिला संयोजक संदीप दीवान ने किया।





### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा के मार्गदर्शन और सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, परेश बागबाहरा, प्रदेश सदस्य इंदजीत सिंह गोल्डी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, सतपाल सिंघ पाली सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण, सदस्यता अभियान से जुड़े जिला मंडल समिति के सदस्य, मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और कार्यशाला में अपेक्षित श्रेणी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बूथों पर विशेष ध्यान केंद्रित करना होगा: सिन्हा



सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में देश भर में हम करोड़ो की संख्या में सदस्यता के लक्ष्य को पुरा कर चुके है। सदस्यता अभियान अब अंतिम चरणों के दौर में है और ऐसे समय में हर बूथों में एक बार फिर से कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ताकत झोकनी होगी। 50 से अधिक लोगों को सदस्यता दिलाने वाले कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य की श्रेणी में शामिल होंगे। उन्होनें कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि 13, 14 और 15 अक्टूबर को सभी कार्यकर्ताओं को बूथों में विशेष ध्यान केंद्रित करना होगा। सिन्हा ने आगामी कार्यो और कार्यक्रमो की विस्तार से जानकारी और महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किया।

### संकल्प पूरा करना होगा : चौधरी



सांसद रुपकुमारी चौधरी ने सदस्यता अभियान में जुटे हुए भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने एकजुट होकर सदस्यता के लक्ष्यपूर्ति में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। इस महाभियान के अंतिम 2 दिनों में हम सबको शत प्रतिशत, निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का संकल्प पूरा करना होगा।

### कार्यकर्ताओं ने दिखाई सक्रियता :डॉ. चोपड़ा



कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सक्रिय सदस्य बनाने के लिए मंडल की पुरानी सूची का अवलोकन भी महत्वपूर्ण है। सभी वर्गों की समुचित भागीदारी संगठन के दायित्वों में भी हो। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने आभार उदंबोधन में कहा कि भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने बहुत उत्साह से सक्रियता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है।

# दो से महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शराब की अवैध बिक्री के दो अलग-अलग मामलों में बसना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद मेन रोड किनारे ग्राम मोहका में आरोपी कैलाश भोई पिता उद्धव भोई (उम्र 36 साल) निवासी मोहका के कब्जे से एक सफेद रंग की पांच लीटर वाली जरकीन में भरी हुई करीबन 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

वहीं दूसरे मामले में सिंघनपुर जाने वाले रोड किनारे ग्राम मोहका में आरोपी सतीश भोई पिता राहसो भोई (33 साल) निवासी मोहका के कब्जे से दो हरा रंग की दो-दो लीटर वाली बाटल में भरी हुई देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 04 लीटर कीमत 800 रुपए को जब्त किया। आरोपी के विरूध्द धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

### महिला के पास से 30 लीटर शराब जब्त

इसी तरह सरायपाली पुलिस ने भी शराब की अवैध बिक्री के मामलों में एक महिला व एक पुरुष के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महलपारा में आरोपी मनोज बेहरा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं वीरेंद्र नगर में हेमकुमारी सहिस पति मनक सहिस (49 साल) के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मानपाली के झोला छाप डॉक्टर के क्लिनिक को किया गया सील

**सरायपाली।** ग्राम मानपाली (बागद्वारी) के झोलाछाप डॉ. ललित यादव के क्लिनिक में दबिश देते हुए विभागीय अमले और अधिकारियों ने उक्त डॉक्टर के द्वारा प्रैक्टिस के संबंध में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का रजिस्ट्रेशन व वैध डॉक्यूमेंट की मांग की। संबंधित द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नम्रता चौबे के निर्देशन में गठित समिति के सदस्य नायब तहसीलदार रविंद्र काले, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ वीए के कोसरिया, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे, फार्मासिस्ट अनिल पाढ़ी के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने के कारण क्लिनिक को नर्सिंग होम एक्ट के तहत सील कर दिया गया है तथा इसी कड़ी में मुरमुरी में संचालित सद्भावना क्लिनिक का निरीक्षण भी टीम के द्वारा किया गया जहां पर क्लिनिक का संचालक अनुपस्थित मिलने पर वहां के स्टाफ को क्लिनिक का पंजीयन नंबर व संचालन के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम के द्वारा अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब एवं ब्लड कलेक्शन सेंटर, झोलाछाप डॉक्टर तथा बिना फार्मासिस्ट के संचालित मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध स्वयं उपस्थित होकर जांच की कार्रवाई किया जाएगा।

# टैंकर ने पिकअप को मारी टक्कर, दो लोग घायल

**महासमुंद।** हाइवे में बिरकोनी पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक की ठोकर से पिकअप वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और इस घटना में दो लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना के संदर्भ में पुलिस को जानकारी देते हुए शहर के नयापारा निवासी चंद्रप्रकाश सोना ने बताया कि वह रविशंकर सोनवानी का वाहन चालक है। शुक्रवार को रविशंकर सोनवानी एवं उसके पुत्र गोपाल सोनवानी के साथ वाहन लेकर रायपुर डूमरतरई गया। वहां से किराना का सामान लोड कर पिथौरा के लिए निकले। बिरकोनी राज पेट्रोल पंप एनएच53 रोड के पास रात करीब 1.30 बजे पीछे से ट्रक टैंकर क्रमांक एमएच 04 केयू 2999 के चालक ने अपने ट्रक को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर पीछे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएल 6341 महिंद्रा डीआई 3200 (पिकअप) को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे पिकअप में बैठे गोपाल सोनवानी को सिर, माथे, दाहिने आंख के ऊपर एवं दाहिने हाथ में चोट लगी वहीं, वाहन मालिक रविशंकर सोनवानी के बांये हाथ की उंगली में चोट लगी है साथ ही वाहन एक्सीडेंट से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# शासकीय भूमि की बिक्री पर ग्रामीणों ने किया विरोध, नामांतरण पर रोक की मांग


हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

विकासखंड के ग्राम भंवरपुर में शासकीय पट्टे की जमीन की खरीदी-बिक्री होने और उप तहसील भंवरपुर में नामांतरण पर रोक लगाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है। ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम भंवरपुर के भूमि खसरा क्र. 822 और 831 निस्तार पत्रक में मुर्दा मवेशी चीरने के लिए आरक्षित जगह है। और पीडब्लूडी सड़क हेतु आरक्षित जगह को फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीदी बिक्री कर अब नामातंरण करने की तैयारी चल रही है।

ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर से करते हुए बताया है कि यह भूमि मोतीलाल अग्रवाल वल्द सोहनलाल को शासकीय पट्टे पर दी गई थी, जिसे कृष्ण कुमार पटेल को बिक्री की गई। इस पर ग्रामवासियों ने भारी आक्रोश है। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से इस भूमि की नामांतरण पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि खसरा नंबर 822 और 831 की भूमि मोतीलाल वल्द सोहनलाल को शासकीय पट्टे पर दी गई थी, जिसे मिथ्या तथ्यों के आधार पर बेचा गया और अब नामातंरण किए जाने की तैयारी चल रही है।







प्रति,
श्रीमान जिलाधीश महोदय
महासमुंद
जिला-महासमुंद (छ.ग.)

विषय : ग्राम भंवरपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. भंवरपुर के खसरा नं. 822 रकबा 0.06 हे. भूमि के प्रमाणीकरण पर रोक लगाये जाने बावत्।

महोदय,

निवेदन है कि हम ग्राम वासी ग्राम भंवरपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. भंवरपुर तहसील बसना जिला महासमुंद (छ.ग.) के निवासी हैं। हमारे ग्राम भंवरपुर के खसरा नं. 822 रकबा 0.06 हे. भूमि पूर्व में शासकीय (घास) भूमि थी ... खसरा नं. 822 रकबा 0.06 हे. भूमि के प्रमाणीकरण पर रोक लगाया जाना उचित व जन हित में होगा।

अतः माननीय न्यायालय से निवेदन है कि ग्राम भंवरपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. भंवरपुर तहसील बसना जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 822 रकबा 0.06 हे. भूमि के प्रमाणीकरण पर रोक लगाये जाने हेतु निवेदन सादर प्रस्तुत है।

दिनांक -

आवेदक
समस्त ग्रामवासी ग्राम-भंवरपुर

ग्रामीणों के अनुसार, इस भूमि को पहले भी बेचने का प्रयास किया गया था, जिसे कलेक्टर न्यायालय ने वर्ष 2013-14 में खारिज कर दिया था। इसके बावजूद बिना किसी उचित जांच के नायब तहसीलदार भंवरपुर द्वारा ग्रामवासियों की आपत्तियों को नजरअंदाज कर नामांतरण किए जाने की तैयारी है। ग्रामवासियों का आरोप है कि यह भूमि सार्वजनिक उपयोग की है, जिसमें ₹मुर्दा मवेशी चीरने₹ और पीडब्लूडी सड़क का भी उल्लेख है।

ग्रामवासियों का कहना है कि इस भूमि को गलत तरीके से मोतीलाल के केवल एक पुत्र त्रिलोक कुमार के नाम पर दर्ज किया गया है, जबकि अन्य वारिसान भी हैं। इस पूरे मामले पर गांव में गहरी नाराजगी व्याप्त है और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की संभावना जताई जा रही है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और नामांतरण पर रोक लगाने की मांग की है ताकि गांव में कोई अशांति न फैले। ग्रामीणों का कहना है कि नायब तहसीलदार भंवरपुर द्वारा आपत्तिकर्ता को समय भी नहीं दिया जा रहा है और सिर्फ एक या दो दिन का समय देकर मामले का निराकरण करने में लगे हुए हैं। जबकि शासकीय पट्टे की जमीन का खरीदी बिक्री करना अपराध है।

### ठेकेदार से 10 हजार रुपए छीनकर भागा

**महासमुंद।** मौहारीभाठा में एक ठेकेदार से 10 हजार रुपए छीन लिया गया। पुलिस ने शिकायत पर जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ललित कुमार सिंह ने बताया कि वह मौहारीभांठा में रहता है। वही पास में ही उनका ऑफिस है, जहां वह ठेकेदारी करता है। वह ऑफिस के पास चेन माउंटेन ऑपरेटर को पेमेंट करने के लिए हाथ में 10 हजार रुपए रखा था। तभी उनके पहचान का राजेश शर्मा आया और 10 हजार रुपए छीनकर भाग गया। प्रार्थी मूलतः बलिया उत्तर प्रदेश का निवासी है। वर्तमान में वह मौहारीभाठा कलेक्टर ऑफिस के पीछे विक्की ठाकुर के यहां किराए के मकान में रहता है। आरोपी राजेश शर्मा ग्राम खम्हारिया बेमेतरा का बताया जा रहा है। प्रार्थी की आरोपी से जान पहचान है। घटना के बाद उनका फोन बंद बताया जा रहा है। प्रार्थी की रिपोर्ट के बाद प्रारंभिक विवेचना में दोनों के बीच लेन-देन का विवाद होने की बात सामने आ रही है।

## गुरु जम्भेश्वर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्था में होगा आयोजन

# राष्ट्रीय एकता शिविर हरियाणा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

भारत सरकार की युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर इस वर्ष हरियाणा के गुरु जम्भेश्वर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित की जा रही है। जिसमें ग्राम आंवराडबरी (खल्लारी) निवासी व शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा की छात्रा पूजा सेन का चयन हुआ हुआ है। जो छत्तीसगढ़ राज्य से प्रतिनिधित्व करेगी। पूजा सेन पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी की छात्रा भी रह चुकी है। उक्त छात्रा राजेंद्र सेन व प्रीति सेन की सुपुत्री है। बता दें कि यह कैंप राष्ट्रीय एकता भावना को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह सिखाना है कि एक समुदाय में कैसे रहना है। सभी युवा शिविर में भाग लेते हैं और विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे कि क्विज़, स्किड, सांस्कृतिक नृत्य आदि आयोजित की जाती हैं। यह शिविर भारत के विभिन्न राज्यों के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक अंतर को दूर करने में मदद करेगा। उनके इस चयन पर छात्रा पूजा सेन को ग्रामीण नारायण साहू, भुखन साहू, खल्लारी सामाजिक कार्यकर्ता तारेश साहू, खेमराज साहू, मिल्लूराम साहू, मनहरण गुप्ता, अवधराम साहू, मुकुंद सिन्हा, चमन गुप्ता, सैयद रिया अली, नंदकुमार निषाद, प्रमोद चंद्राकर, राहुल कुलदीप, रमेश तिवारी, उदय साहू, लूलकरण साहू, ईश्वर साहू, हेमलाल सेन, राहुल बंछोर, तुलस सेन, संतोष सिन्हा, ईतवारी यादव, लाला ध्रुव, चोखे सिन्हा, त्रिलोक सेन, पवन पटेल, ओमदास मानिकपुरी संहित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के प्राचार्य व व्याख्याता सहित ग्रामीण व क्षेत्रवासियों ने छात्रा पूजा सेन को बधाई और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।





### वाहन में बज रहा था डीजे, हुई जब्ती की कार्रवाई

**महासमुंद।** प्रतिबंध के बावजूद मालवाहक वाहन में डीजे फिट कर मापदंड से अधिक सीमा में ध्वनि प्रदूषण फैलाए जाने के मामले में प्रशासनिक अमले ने एक वाहन को जब्त किया है। सूत्र बताते हैं कि मामले में वाहन को छुड़ाए जाने के लिए एक जनप्रतिनिधि द्वारा भरसक प्रयास किया गया, अफसरों के साथ इस बात को लेकर तीखी बहस भी होने की बात सामने आई है। लेकिन, प्रशासनिक अमले ने वाहन क्रमांक सीजी 04 पीए 2032 को जब्त कर थाना के सुपुर्द कर दिया गया। और प्रज्ञा डीजे धुमाल पार्टी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित भी किया गया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# 17 जून को आया मानसून 17 अक्टूबर तक होगा विदा, मौसम रूखा तो रात में हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में 17 जून को दस्तक देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 अक्टूबर तक विदा हो जाएगा। मानसून के जाने के बाद मौसम में रूखापन आने से रात में ठंडकता महसूस होगी। मानसून के असर से जिले में 30 सितंबर तक 982 मिमी. और उसके बाद 12 अक्टूबर तक केवल 8.7 मिमी. बारिश हुई है। अभी दिन, रात का तापमान सामान्य से ढाई डिग्री ज्यादा होने की वजह से उमस की परेशानी बनी हुई है।

प्रदेश में शुक्रवार से मानसून की विदाई शुरू हुई है, मगर पेंड्रा से लौटने के बाद उसकी गति थम गई है। माना जा रहा है कि अगले तीन से चार दिनों में इसकी वापसी प्रदेश के कई जिलों से हो जाएगी। रायपुर जिले में इस बार मानसून अपने निर्धारित समय से थोड़ा विलंब यानी 17 जून को रायपुर पहुंचा था। जून में वर्षा सामान्य रही, मगर जुलाई में अच्छी बारिश से औसत कोटा पूरा हो गया था। अगस्त सितंबर में मानसून की सक्रियता सामान्य रही और 30 सितंबर को सीजन समाप्त होने तक यहां 982 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो औसत से कम रही।

अक्टूबर से बाद खंड वर्षा के रूप में बारिश हुई और जिले में आंकड़ा 8.7 मिमी. पर ही सिमटकर रह गया। विशेषज्ञों कहना है कि दूसरे पखवाड़े में मानसून की विदाई के बाद रात के तापमान में गिरावट आएगी, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। अभी शहर में दिन और रात की गर्मी सामान्य से ढाई डिग्री तक अधिक है। इसकी वजह से दोनों समय उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान किए हुए है।

- 30 सितंबर तक 982 मिमी., 1 से 12 अक्टूबर तक 8.7 मिमी. वर्षा
- दिन, रात का तापमान अभी ढाई डिग्री ज्यादा, उमस से परेशानी



### बीस डिग्री से नीचे जाने पर राहत

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शहर में रात का तापमान बीस डिग्री से नीचे जाएगा, तो मौसम में ठंडकता आएगी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार तीसरे और चौथे सप्ताह में पारा 17-18 डिग्री तक पहुंचता है, जिससे उमस की समस्या खत्म होती है। अभी रात का तापमान 26 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से काफी ज्यादा है।

## खबर संक्षेप



### संगीत विद्यालय के विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**रायपुर।** नवरात्रि पर्व के अष्टमी और नवमी के शुभ अवसर पर सियान सदन दुर्गा पूजा पंडाल में शुक्रवार को माता की भक्ति के लिए संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर के 'सा रे गा मा पा' संगीत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार संगीत संध्या में समां बांधा। साथ ही संगीत गुरु डॉ. एनडी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में और राहुल चक्रवर्ती के संयोजन में अनेक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति देने वाले कलाकार कुलदीप कोल्हेकर, प्रत्यक्ष निगम, सत्यम निगम, सावनी बजाज, सोमा कोरी, आयुषी लोधी, स्वस्ति धामने, रुद्राक्ष चक्रवर्ती, श्रीजा चक्रवर्ती, अनुष्का भट्टाचार्य, मिस्शका सरदार, शरण्य आदित्य, संचित आदित्य, पृथ्वी तांडी, भूमि सागर, लता महानंद आदि शामिल थे।

### मराठा युवा समाज ने किया शस्त्र पूजन



**रायपुर।** विजयादशमी के अवसर पर मराठा युवा समाज द्वारा अपनी पुरातन संस्कृति एवं पद्धति को आगे बढ़ाते हुए शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्रोपचार द्वारा शस्त्रों की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही अनाज से रावण की प्रतीकात्मक तस्वीर उकेर कर प्रतीकात्मक रूप से वध किया गया। यह कार्यक्रम मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में किया गया। इस मौके पर मराठा युवा अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने विजयादशमी के दिन देवी मां भवानी को प्रसन्न कर तलवार प्राप्त की थी, तभी से मराठा अपने शत्रु पर आक्रमण की शुरुआत दशहरे से ही करते थे। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवा मराठा समाज द्वारा भी मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में शस्त्र पूजन धूमधाम से किया गया।

### भाजपा की पुरानी सदस्यता रद्द करने के पीछे डबल सदस्यता भी बड़ा कारण

**रायपुर।** भाजपा ने पुराने 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता को रद्द करके नए सिरे से सदस्य बनाने का अभियान प्रारंभ किया है। इस बार दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 8 करोड़ से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है, तो यहां पर 37 लाख सदस्य बन गए हैं। प्रदेश भाजपा संगठन को 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। पुरानी सदस्यता रद्द करने के पीछे एक बड़ा यह भी सामने आ रहा है कि जब 2019 में सदस्यता अभियान चलाया गया था, तब देशभर में सात करोड़ सदस्य बने थे। इसमें लाखों की संख्या में ऐसे सदस्य भी शामिल हैं, जो पहले से ही भाजपा के सदस्य थे। यानी एक ही सदस्य की डबल सदस्यता हो गई थी। ऐसे में सदस्यों के सही आंकड़े भी नहीं मालूम हो रहे थे। अब नए सदस्य बनेंगे तो उनकी सदस्यता डबल नहीं होगी और सही आंकड़े भी सामने रहेंगे। भाजपा ने इस बार जब सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के बारे में विचार किया तो इसमें सबसे अहम यह बात देखी गई कि अगर पुराने सदस्यों के रहते हुए नए सदस्य बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा तो फिर से 2019 की तरह डबल सदस्यता हो सकती है। भाजपा के जानकारों का कहना है कि जब दिल्ली में सदस्यता अभियान को लेकर देश भर के राज्यों की बैठक हुई थी तो उसमें यह बात सामने आई थी कि 2019 में जब सदस्यता अभियान चलाया गया था तो हर राज्य में भाजपा के पुराने सदस्यों ने भी मिस्ड कॉल करके सदस्यता लेने का काम किया था। अगर फिर से पुराने सदस्यों के रहते अभियान चलाया जाता तो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि फिर से थोक में पुराने सदस्य मिस्ड कॉल करके सदस्यता ले लेते।

# सहकर्मियों से समस्याओं के बारे में खुलकर करें बात मदद लेने में न करें संकोच




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला अस्पताल में मनाए जा रहे विश्व मानसिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यक्रम में चिकित्सकों ने कहा कि अपनी समस्याओं के बारे में सहकर्मियों से खुलकर बात करें और किसी से मदद लेने में संकोच ना करें। लगातार दो सप्ताह तक तनाव महसूस होता है, तो चिकित्सकों की सलाह लें।

- जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

आयोजित कार्यक्रम थीम कार्य क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता था। इस दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य के नोडल डा. संजीव मेश्राम, मनोचिकित्सक अविनाश शुक्ला, शोएब, डा. निलय मोझरकर ने अस्पताल स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कार्य स्थल में रखने के तरीके बताए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने उदाहरण सहित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि देश में आत्महत्या की बड़ी मानसिक समस्या होती है। आर्थिक, मानसिक, सामाजिक कारणों के साथ नशे की वजह से भी लोग जीवन समाप्त करने का फैसला करते हैं। ऐसे लोगों की मदद कर उन्हें तनाव से दूर किया जा सकता है, इसलिए आसपास के लोगों से स्वभाव में होने वाले बदलाव पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में व्यवसनों की वजह से मानसिक अवसाद में घिर चुके लोगों के इलाज की जानकारी भी दी गई।

चिकित्सकीय सेटअप, उपकरणों के लिए बजट स्वीकृत पर काम शुरू नहीं

# मोतियाबिंद सर्जरी से आगे नहीं बढ़ पाया माना का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए माना अस्पताल को क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बनाने की घोषणा की जा चुकी है, मगर काम शुरू नहीं होने की वजह से मामला मोतियाबिंद की सर्जरी से आगे नहीं बढ़ पाया है। अनपूरक बजट में चिकित्सकीय सेटअप के सात उपकरणों के लिए एक करोड़ का बजट भी स्वीकृत हुआ था, पर योजना कागजों से बाहर नहीं आ पाई है।

प्रदेश में बड़े स्तर पर नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय स्तर पर अस्पताल की आवश्यकता है। अभी छोटी-मोटी बीमारियों को छोड़कर आंखों की बीमारी के इलाज के लिए लोगों को निजी अस्पताल में जाकर पैसे खर्च करने पड़ते हैं। लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कोविड के बाद मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए उपयोग किए जा रहे माना अस्पताल को डेढ़ सौ बेड की क्षमता वाले बड़े संस्थान के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई थी।

यहां आधुनिक तरह के उपकरण, माड्यूलर ओटी सहित विभिन्न सुविधाएं जुटाने के साथ 61 चिकित्सकीय स्टाफ के सेटअप को मंजूरी दी गई थी। तीन करोड़ की इस योजना के तहत पहली किश्त में एक करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे। तीन माह का समय बीतने के बाद भी रीजनल आई इंस्टीट्यूट का काम आगे नहीं बढ़ पाया है और माना अस्पताल के नेत्र चिकित्सक मोतियाबिंद की सर्जरी कर अपनी ड्यूटी पूरी कर रहे हैं।

### क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बनाने की हुई थी घोषणा



### नीचे सिविल अस्पताल ऊपर आई इंस्टिट्यूट

माना अस्पताल के ऊपरी मंजिल को आई इंस्टिट्यूट में विकसित किए जाने के साथ वहां भूतल पर संचालित सिविल अस्पताल में भी सुविधाएं बढ़ाने की योजना है। वर्तमान में माना सहित आसपास के लोगों को वहां सर्दी-खांसी सहित अन्य उपचार के लिए ओपीडी, आईपीडी की सुविधा दी जाती है। योजना में दोनों का सेटअप अलग-अलग रखा गया है।

- प्रदेश में बड़े स्तर पर नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय स्तर पर अस्पताल की आवश्यकता है
- आधुनिक तरह के उपकरण, माड्यूलर ओटी सहित विभिन्न सुविधाएं जुटाने के साथ 61 चिकित्सकीय स्टाफ के सेटअप को मंजूरी दी गई थी

### निजी अस्पतालों से दूर आयुष्मान

मोतियाबिंद सहित आंखों की कुछ अन्य बीमारियों के आयुष्मान योजना के तहत उपचार की सुविधा निजी अस्पतालों में नहीं है। इसके साथ ही शासकीय अस्पतालों में नेत्र संबंधी परेशानियों के उपचार के लिए कई जरूरी उपकरण नहीं है। दोनों वजह से नेत्ररोग से पीड़ितों को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है और उन्हें इलाज के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

# रतन टाटा को चैंबर ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने चैंबर भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत के महानायक का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने न सिर्फ टाटा समूह को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि भारतीय उद्योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने कई ऐतिहासिक अधिग्रहण किए और समाज कल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सफल उद्योगपति होने के साथ समाजसेवक के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया। श्रद्धांजलि सभा में चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

- समाज सेवा और उद्योग के क्षेत्र में किये कार्यो को किया याद

### पुलिस ने नशारूपी राक्षस पुतले का किया दहन



**रायपुर।** विजयादशमी के अवसर पर रायपुर पुलिस ने शहर के कई थाना क्षेत्रों में रावण की जगह नशारूपी राक्षस के पुतला दहन किया। पुलिस जिले में निजात अभियान के तहत नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत पुलिस ने अब दशहरा पर्व पर सिविल लाइंस क्षेत्र में छोटा मरीन ड्राइव के पास, खम्हारडीह सहित अनेकों जगहों पर नशारूपी राक्षस पुतला जलाया।

# कर्मचारी संगठनों के ऐलान के बाद जागा सामान्य प्रशासन विभाग, बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय दिनांक से महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्तों की एरियर्स राशि, चार स्तरीय वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग को लेकर अधिकारी कर्मचारी बेमुद्दत हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने इसकी रणनीति बनाने 20 अक्टबर को संगठनों की बैठक बुलाई है। इधर जीएडी ने 15 अक्टूबर को संगठनों की यह बैठक प्रमुख सचिव निहारिका सिंह की अध्यक्षता में बुलाई है।

- अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर बना रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल की रूपरेखा

बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया शुरू करने और निराकरण का रास्ता निकालने पर चर्चा होगी। बैठक के लिए जीएडी ने प्रदेश अधिकारी संघ, प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ और तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के दो-दो प्रतिनिधि बुलाए गए हैं। बैठक मंगलवार को दोपहर 3 बजे से समिति कक्ष में होगी। भाजपा सरकार ने कुछ माह पहले ही कमेटी का गठन किया था। यह बैठक पहली होगी। बताया जाता है कि कर्मचारियों के मामले मे भाजपा सरकार ने जो समिति बनाई है, उसमें प्रमुख्य सचिव विधि विधायी, सचिव जीएडी और सचिव वित्त को शामिल किया है। कर्मचारियों के मामलों में उनसे चर्चा कर सरकार हल निकालने की पहल करने समिति का गठन किया है।




### जनवरी से लंबित डीए

इसके पूर्व कर्मचारी संगठनों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए कई बार क्रमिक आंदोलन किया। आंदोलन के बाद भी उनको जनवरी में दिया जाने वाले महंगाई भत्ते का आदेश नहीं हो पाया। कर्मचारियों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय मोदी ने जो गरंटी दी थी, उसमें भी ये बिंदु शामिल हैं, लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं लिए जाने से कर्मचारी संगठन खफा हैं। अब वे दीपावली के समय इसकी घोषणा करने सरकार पर दबाव बनाने 20 अक्टूबर को हड़ताल पर जाने का प्लान बनाया है।

# पहली बार पॉवर कंपनी कोरबा में लगाएगी 30 मेगावाट का सोलर प्लांट

- पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कई बड़ी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। अब कोरबा पूर्व में बंद हुए राखड़ बांध की खाली जमीन पर 30 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने का डीपीआर तैयार किया गया है। इसको प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। इसी के साथ अन्य योजनाओं में अब मड़वा में 660 मेगावाट की भी नई योजना की तैयारी है।

- कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है

कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। कुल मिलाकर नई योजनाओं के माध्यम से करीब 14 हजार मेगावाट उत्पादन बढ़ाने की तैयारी है।

राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र लगाने की तैयारी है। इसे लेकर उत्पादन कंपनी तैयारी कर रही है। इसी के साथ कोरबा पूर्व में 30 मेगावाट का सोलर प्लांट लगेगा। इस पर करीब 150 करोड़ खर्च होगा।




### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब आठ साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था। आज की स्थिति में जहां अपना उत्पादन 2980 मेगावाट है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर मिलता है। ऐसे में राज्य में बिजली छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो जाती है।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी में है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।

### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए तैयारी हो गई है। पहले चरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 35 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन पानी से किया जाएगा। क्षमता इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

# साइंस कॉलेज चौपाटी पर सियासी बवाल, मूणत बोले- नियम के विरुद्ध अवैध बनी, हटेगी, उपाध्याय ने कहा- हटाना गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति ने साइंस कॉलेज की चौपाटी को हटाने का फैसला कर लिया है। इस फैसले के बाद अब सियासी बवाल मच गया है। इसको हटाने का विरोध होने लगा है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का कहना है, गरीबों की रोजी-रोटी को छीनना गलत है। विधायक राजेश मूणत का कहना है, यह चौपाटी नियम के विरुद्ध अवैध बनी है। जो जमीन नगर निगम की है ही नहीं, उस पर इसको बनाया गया है, इसके लिए एनओसी भी नहीं मिली है। इसीलिए चौपाटी को हटाने का फैसला सही है। पूर्व कांग्रेस की सरकार ने चुनाव के पहले आनन-फानन में टेंडर करके इसको दे दिया। इतनी जल्दी क्या थी।

स्मार्ट सिटी द्वारा ही छह करोड़ की लागत से बनाई गई चौपटी को अब स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की बैठक में हटाने का फैसला हो गया है। अब इस चौपाटी के स्थान पर वहां पर बच्चों के लिए प्लेइंग और विद्यार्थियों के लिए ओपन रीडिंग जोन बनाया जाएगा। इस चौपाटी को हटाने का फैसला सामने आने पर इसके विरोध में अब पूर्व विधायक विकास उपाध्याय खड़े हो गए हैं।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का कहना है चौपटी को हटाने नहीं दिया जाएगा। यहां पर गरीबों की रोजी-रोटी चल रही है। आस-पास में विद्यार्थियों के कई छात्रावास हैं। यहां रहने वाले विद्यार्थी चौपाटी में खाने के लिए आते हैं। यहां की व्यवस्था को लेकर किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है। राजेश मूणत महज अपनी जिद के कारण इसको हटाना चाहते हैं। सत्ता के नशे में राजेश मूणत और बृजमोहन अग्रवाल अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। भगवान इनको सद्बुद्धि दे इसके लिए हम यज्ञ करेंगे और चौपाटी को हटाने के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने कहा, भाजपा के सांसद और विधायक को रामसागर पारा और सदर बाजार का ट्रैफिक नहीं दिखता है। पूरे शहर में ट्रैफिक का बुरा हाल है। चौपाटी में तो ट्रैफिक की भी कोई समस्या नहीं है।

### निगम की जमीन ही नहीं तो कैसे बना दिया : मूणत

राजेश मूणत का कहना है कि जो जमीन नगर निगम की है ही नहीं उस जमीन पर आखिर कैसे इस चौपाटी को बना दिया गया। इसके लिए एनओसी भी नहीं मिली है, उसके बाद भी यहां पर चौपाटी बनाई गई। कांग्रेस की सरकार में यहां पर यूथ हब बनाने की बातें कांग्रेसी नेता करते थे, तो मेरा उनसे सवाल है कि क्या चौपटी ही यूथ हब है। आखिर यूथ हब की परिभाषा क्या है। चौपाटी बनाने के बाद इसको विधानसभा चुनाव के पहले आनन-फानन में टेंडर निकालकर चलाने के लिए दे दिया गया। हाईकोर्ट में भी जाकर गलत जानकारी दी गई है। श्री मूणत ने कहा, हमारा मकसद किसी का रोजगार छिनना नहीं है। लेकिन जो जमीन आपकी है ही नहीं, उस पर कैसे कोई निर्माण कर सकता है। इसलिए चौपाटी को हटाने का फैसला किया गया है। हमने तो पहले भी कांग्रेस सरकार में इसका विरोध किया था और दस दिनों तक धरना दिया था।

# डब्ल्यूआरएस मैदान पर साउंड सिस्टम लगा रहा श्रमिक ऊंचाई से गिरा, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के डब्ल्यूआरएस मैदान पर दशहरा उत्सव कार्यक्रम के पूर्व एक हादसे में एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कर्मचारी साउंड सिस्टम लगा रहा था, जिसके लिए वह ऊंचाई पर चढ़ा था। इस दौरान अचानक वह सीधे नीचे जमीन पर आ गिरा, जिससे वह बेहोश गया। हादसे के बाद उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डब्ल्यूआरएस मैदान पर दशहरा उत्सव कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों में लोग लगे हुए थे। इस दौरान यहां साउंड सिस्टम भी लगाया जा रहा था। यह सिस्टम जमीन से 8 से 10 फीट ऊंचा है। बताया गया कि साउंड सिस्टम को ऊंचाई तक लगाने के लिए लिफ्ट की तरह चेन का उपयोग किया जाता है। इसमें एक चेन ऊपर जाने के लिए और दूसरी चेन नीचे आने के लिए रहती है। बताया गया कि परमानंद ठाकुर नामक श्रमिक साउंड सिस्टम को फिट कर रहा था। उस समय वह ऊपर काम कर रहा था। काम खत्म करने के बाद वह नीचे उतरने वाली चेन को न पकड़कर ऊपर जाने वाली चेन को पकड़कर उस पर लटक गया।



इससे उसके हाथ से चेन स्लिप हो गई और वह सीधे जमीन पर आ गिरा। जमीन पर गिरते ही वह बेहोश गया। इस हादसे के बाद वहां मौजूद अन्य लोगों ने परमानंद को होश में लाने का प्रयास भी किया, लेकिन वह होश में नहीं आया। इसके बाद उसे एंबुलेस की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### आरक्षक ने शासकीय क्वार्टर में लगाई फांसी

जगदलपुर। परपा थाना के पीछे बने शासकीय क्वार्टर में रहने वाले आरक्षक दिनेश मिच्चा 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही परपा पुलिस मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए मेकाज भेजा, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### दशहरा मंद बाजार में दारू बेचतीं महिलाएं



जगदलपुर। बस्तर दशहरा न केवल पर्व है बल्कि पूरे संभाग से आने वाले अलग-अलग जनजातियों का विभिन्न रूप देखने का समागम स्थल है। जिस तरह साप्ताहिक बाजारों में वनोपज और अन्य सामानों का आदान प्रदान होता है उसी तरह दशहरा में भी पर्व के आखरी के 3-4 दिन तक मंद बाजार लगता है। जहां अपने साथ देशी मदिरा लाने वाली महिलाएं शराब बेचकर अपने श्रृंगार और जरूरत के सामान खरीदकर ले जाती हैं। पहले मंद बाजार संजय बाजार हनुमान मंदिर के पास स्थित वन विभाग के परिसर में लगता था। इस साल तहसील आफिस के सामने लगा है। तहसीलदार कार्यालय को तोड़ फोड़कर वहां टेम्पल कमेटी के लिए व्यवस्था की गई है। तहसीलदार कार्यालय कलेक्टोरेट के आगे एसडीएम कार्यालय के साथ लगने लगा है। मंद बाजार में महिलाएं देशी महुआ की शराब के अलावा चखना भी बेचती हैं। शहर के मदिरा प्रेमियों के अलावा गांव के लोगों को भी यहां मद्यपान करते देखा जाता है। दशहरा पर्व में मंद बाजार में किसी तरह का कोई बंदिश नहीं होता है। पुलिस भी पर्व को देखते हुए नजर उधर नहीं करती है। यह व्यवस्था रियासतकाल से चली आ रही है।

### मानसून लौटी, गंगालूर में सर्वाधिक 80 एमएम वर्षा से लोग हैं परेशान

जगदलपुर। दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी प्रारम्भ हो गई है, बस्तर में अभी भी बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को दक्षिण बस्तर के बीजापुर जिले के सुदूर गंगालूर में 80 एमएम वर्षा हुई। जिससे उस इलाके के लोग हलाकान रहे। पिछले 24 घण्टो के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े 8 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक दक्षिण बस्तर के कुछ इलाके में बारिश दर्ज की गई। बीजापुर जिले के गंगालूर में 8 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। उसूर में 4 एमएम, बीजापुर 3 एमएम, कटेकल्याण 3 एमएम, दोरनापाल 2 एमएम, जगरगुंडा 2 एमएम, बड़े बचेली 1 एमएम, भोपालपटनम 1 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

### चलित प्रयोगशाला वैन टीम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की

जगदलपुर। लोक निर्माण विभाग के परिक्षेत्र परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला परिक्षेत्र के चलित प्रयोगशाला वेन की ओर से बस्तर संभाग के सातों जिलों के सड़क की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। सितंबर माह में सिर्फ एक ही सड़क कोंडागांव संभाग के नरना-उन्दरा मार्ग की जांच की, जबकि इसके लिए पृथक से कार्यपालन अभियंता पदस्थ किया गया है, निरीक्षण के दौरान टीम ने बीटी कोर का सैम्पल लिया। इससे तीन माह पूर्व चलित प्रयोगशाला वेन की टीम ने कांकेर संभाग के कांकेर के दुधावा से मुरूमसिल्ली मार्ग, दुधावा मार्ग, कांकेर शहर के चौड़ीकरण, उन्नयन कार्य, भानुप्रतापुर संभाग के सम्बलपुर से सीलपट मार्ग, राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग निर्माण कार्य, उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक-2 का ग्राम भैसगांव-ठोटीपारा-अलवाही मार्ग का निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच की थी।

## मां की विदाई





महासमुंद। जय भवानी दुर्गोत्सव समिति अंबेडकर चौक द्वारा विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का रविवार को विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## झांकियों पर पुष्प वर्षा कर समितियों को किया सम्मानित

धमतरी। शहर की गौरवशाली परंपरा झांकी को जीवंत बनाए रखने के लिए भाजपा पार्षदों ने की सार्थक पहल की है। ज्ञात हो कि नवरात्रि एवं गणेशात्सव की अनंत चतुर्दशी पर शहर में पहले भव्य एवं दिव्य झांकी निकलती थी लेकिन कुछ वर्ष से यह आयोजन वृहद रूप में नहीं हो पा रहा था। इसी आगे बढ़ाने तथा समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं पार्षद विजय मोटवानी के नेतृत्व में पार्टी के प्रमुख नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा बालक चौक में विशाल मंच बनाकर शहर के शास्त्री चौक से सदर बाजार की ओर निकलने वाली सभी झांकियों पर पुष्प वर्षा कर समितियों को प्रतीक चिन्ह तथा इनाम प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। रामू रोहरा ने कहा कि शहर ने हमें एक पहचान प्रदेश स्तर से लेकर अनेक सार्वजनिक जगह पर दी है।

### विविधताओं से भरा रहा धमतरी जिले में विजयादशमी का उत्सव

# कहीं आंगा सांगा के साथ उत्सव, तो कहीं रावण दहन बिना ही दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में विविधताओं का दशहरा उत्सव मनाया गया। ग्राम भानपुरी में तो आंगा सांगा के साथ गांव के सभी देवी देवता रावणवध स्थल में उपस्थित रहे। वहीं ग्राम तेलीनसत्ती में करीब 15 साल बाद दशहरा का उत्सव मनाया गया। ग्राम करेठा में पंद्रह साल पहले ही यह मिथक तोड़ दिया गया था कि रावण दहन करने से कोई अनिष्ट हो सकता है।

देश प्रदेश की बात छोड़ दें, हमारा धमतरी जिला ही विविधताओं से भरा हुआ है। यहां हर त्योहार कुछ गांवों में अलग-अलग ढंग से मनाते हैं। इसी में से एक दशहरा का पर्व है। शनिवार को पूरे देश में बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव दशहरा मनाया गया। अधिकांश गांवों में व शहरों में रामलीला मंचन के बाद रावण के पुतले का दहन कर एक दूसरे को उत्सव की बधाई दी। ग्राम भानपुरी में इस पर्व को कुछ अलग ढंग से मनाया जाता है। यहां नवमी के दिन शुक्रवार को मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन कर दिया गया था। दशहरा का उत्सव शनिवार को दोपहर 12 बजे से शुरू हो गया था, जब गांव की आराध्य देवी माता डिवहारिन की डंगनी निकाली गई। एक के बाद एक सभी देवी देवताओं की डंगनी निकली गई। इसके बाद आंगा देव की पालकी भी निकली। चार लोगों के कंधे पर झूमते हुए आंगादेव व देवी देवताओं की डांग डंगनी ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान खेला जंवारा भी निकाला गया। शाम 6 बजे विर्सजन के बाद यह कार्यक्रम पूरा हुआ। इसके बाद रावण दहन का कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें देवी-देवताओं की डंगनी के सामने ही रामलीला का मंचन हुआ। सुबह से रात तक गांव में उत्सव का माहौल था। रात में रावण के पुतले का दहन कर कार्यक्रम का समापन हुआ।



### ग्रामीणों ने तोड़ दिया भ्रम

ग्राम करेठा भी कुंवारीडीह है। यहां होलिका दहन आज भी नहीं होता है। पहले यहां पर भी रावण दहन भी नहीं किया जाता था। माना जाता था कि यहां पर रावण दहन से कुछ अनिष्ट हो जाएगा। 15 साल पहले इस मिथक तो तोड़ते हुए ग्रामीणों ने रावण दहन शुरू किया। रामलीला का मंचन भी शुरू किया। अब यहां पर रावण दहन की परंपरा चालू हो गई है लेकिन कोई रामलीला मंडली एक्टिव नहीं है, जिसके चलते रामलीला का मंचन नहीं होता है। बच्चों को राम, लक्ष्मण, रावण सहित रामायण के अन्य पात्रों के वेश में सजाकर शोभायात्रा निकाली जाती है और रावण के पुतले को जलाया जाता है।

### सेमरा सी में जला रावण

ग्राम सेमरा सी में सिरदार देव के आदेश पर हर प्रमुख त्योहार एक सप्ताह पहले ही मना लिया जाता है। दिवाली भी एक सप्ताह पहले मनाई जाएगी लेकिन दशहरा का पर्व निर्धारित तिथि यानी शनिवार को ही मनाया गया। गांव के प्रमुख नागरिक गजेंद्र सिन्हा और नैतिक सिन्हा ने बताया कि 3 बजे ही पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम 7 बजे रामलीला का मंचन शुरू हुआ। इस दिन गांव में काम बंद रखा गया था। 12 बजे रामलीला समाप्त होने पर रावण दहन किया गया।



### 15 साल बाद मना दशहरा, एक दिन पहले ही मार दिया रावण

ग्राम तेलीनसत्ती कुंवारीडीह है। इसलिए यहां परंपरा के अनुसार ग्रामीण न तो रावण दहन करते हैं और न ही होलिका। यहां तक मृतकों का दाह संस्कार कार्यक्रम भी गांव की सीमा से बाहर किया जाता है। 15 साल पहले यहां पर रामलीला का मंचन किया जाता था। रामलीला में रावण वध के मंचन के बाद कार्यक्रम समाप्त कर दिया जाता था। रावण दहन नहीं होता था। 15 साल से रामलीला का मंचन भी बंद था। यहां दशहरा का पर्व ही नहीं मनाया जा रहा था। इस साल से यह परंपरा फिर से शुरू की गई। लंबे समय से रामलीला का मंचन नहीं होने के कारण गांव में कोई रामलीला मंडली एक्टिव नहीं है। ऐसे में एक दिन पहले ही रामलीला का मंचन करवाना पड़ा। ग्राम कोलियारी की मंडली ने यहां नवमी को रामलीला की प्रस्तुति दी।

## शराब दुकानों में लौटी रौनक, मयकशों की लगी कतार

- रत्नाबांधा रोड की अंग्रेजी शराब दुकान में देशी शराब उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवरात्रि पर्व समाप्त होने के बाद शराब दुकानों में रौनक लौट आई है। शनिवार को शहर के मदिरालयों में मयकशों की लंबी कतार लगी रही। इधर हटकेशर शराब दुकान में लूटपाट की घटना को देखते हुए आबकारी विभाग ने रत्नाबांधा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में देशी शराब उपलब्ध करा दी है। जिले में 27 शराब दुकानें हैं। 8 लाख की जनसंख्या वाले जिले में सालाना चार सौ करोड़ से अधिक की बिक्री होती है। आबकारी विभाग के आंकड़े बताते हैं कि मयकशों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। सन 2022-23 में 2 लाख 99 हजार 979 लीटर शराब बेची गई। वहीं सन 2023-24 में 3 लाख 51 हजार 189 लीटर शराब बिकी। देशी शराब में 17.07 प्रतिशत की अधिक खपत हुई है। अंग्रेजी शराब बीते साल 73584 लीटर तथा मौजूदा वर्ष में 86196 लीटर बिकी। इसमें 17.14 प्रतिशत सालाना खपत बढ़ी है। जिले में औसत एक से सवा करोड़ रूपए की शराब बिकती है।



### 9 दिनों तक सन्नाटा पसरा रहा

हटकेशर देशी शराब दुकान में खोमचा चलाने वाले मुकेश साहू ने बताया कि अंचल के लोगों में नवरात्रि पर्व पर गहरी आस्था है। इस पर्व में शराब के बिना नहीं रहने वाले लोग भी शराब का त्याग कर देते हैं। इस कारण शराब दुकानों में 9 दिनों तक सन्नाटा पसरा रहा। धंधा 25 प्रतिशत तक सिमट गया था। शनिवार से शराब दुकानों की रौनक फिर लौट आई है।

### अंग्रेजी दुकान में देशी माल

हटकेशर देशी शराब दुकान सूनसान एरिया में होने के कारण यहां शराब खरीदने वाले मयकशों के साथ आए दिन लूटपाट की घटना होती रहती है। असामाजिक तत्वों के बढ़ते जमावड़े और चाकूबाजी को लेकर वार्डवासी शराब दुकान को हटाने की लगातार मांग कर रहे है। गत दिनों सांसद रूपकुमार चौधरी से भी शराब दुकान को हटाने की मांग की थी। फिलहाल आबकारी विभाग ने हटकेशर शराब दुकान को संवेदनशील मानते हुए रत्नाबांधा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में देशी शराब मसाला एवं प्लेन उपलब्ध करा रही है।

## धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों जरूरी : विनोद

- शिवाजी प्रभात शाखा में विजयादशमी पर्व मनाया गया, शस्त्र पूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शिवाजी प्रभात शाखा में विजयादशमी पर्व मनाया गया। शस्त्र पूजन किया गया। शिवाजी प्रभात शाखा में शनिवार को प्रातः 6.30 बजे संघ के स्वयंसेवक संपत हुए। ध्वज प्रणाम के बाद एकल गीत, सामूहिक गीत अमृत वचन पश्चात अतिथियों द्वारा दीप जलाकर भारत माता और संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार, गुरुजी की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद शौर्य के प्रतीक शस्त्र की पूजा की गई। विजयादशमी महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र थे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद राव रणसिंह थे। मुख्य वक्ता श्री रणसिंह ने शस्त्र पूजन का महत्व बताते हुए कहा कि राजा महाराजा जब युद्ध में जाते थे, उससे पहले शस्त्रों की पूजा की जाती थी। अब तीर, तलवार का समय नहीं है। अब समय धीरे -धीरे बदल रहा है। आज शिक्षा की जरूरत है। समाज को शिक्षित कर समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाना है। यदि समाज कमजोर होगा तो उसे लोग दबाने की कोशिश करेंगे। आज हिंदू समाज को संगठित होकर रहने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। यदि कोई हिंदू समाज को दबाने की कोशिश करता है तो उसका प्रतिकार करने की जरूरत है। धर्म और समाज की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों की आवश्यकता है। शस्त्र स्वयं की रक्षा के लिए और शास्त्र (शिक्षा) समाज के उत्थान के लिए आवश्यक है। उद्बोधन पश्चात संघ की प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक लक्ष्मणराव मगर, राघवराव रणसिंह, राजू सोनकर, कैलाश राव भोसले, धनेश्वर यादव, राजकुमार पटेल, गंगाप्रसाद सिन्हा, गणेश विश्वकर्मा, विजय साहू, नितेश कुंभकार, योगेश साहू, मानव यादव, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट, लक्ष्य पटेल, अयांश सिंह उपस्थित थे।

## समाज में एकता ही उसकी ताकत है : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- आयुषी को मिली सोने की अंगूठी, ब्रम्ह गरबा के समापन पर महिलाओं ने किया शौर्य प्रदर्शन

101 सुहागिनों की पूजा व विशाल कन्याभोज के साथ ब्रम्ह गरबा महोत्सव और नवरात्रि की आराधना का समापन किया गया। शनिवार को गरबा का अंतिम दिन था। आयुषी पांडे और अंकिता प्रथम स्थान पर रही, जिन्हें पुरस्कार में सोने की अंगूठी दी गई। ब्राम्हण समाज द्वारा नवरात्रि पर किले के श्री राम मंदिर में ब्रम्ह गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें हर दिन प्रतिभागी नए- नए थीम पर गरबा करते रहे। प्रतिभागियों के अतिरिक्त समाजजनों ने भी गरबा में भाग लिया। गरबा के अंतिम दिन महिला मंच व युवा मंच के संरक्षक पंडित राजेश शर्मा, सुमीत उपाध्याय निज सचिव विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़, प्रकाश शर्मा एवं विकाश शर्मा शामिल हुए। राजेश शर्मा द्वारा मातृशक्तियों को साड़ी भेंट की गई। उन्होंने कहा कि गरबा का आयोजन कई जगहों पर होता है। हमारे आराध्य प्रभु श्री रामचन्द्र भगवान के पन्द्रह सौ वर्ष पुराने मंदिर में गरबा का उत्सव सराहनीय है। समाज द्वारा अपनी एकता और प्रेम का परिचय देते हुए लगातार सात वर्षों से गरबा का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि पर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा



स्वरूप सुहागिनों एवं कन्याओं के पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पांच दिन चली गरबा प्रतियोगिता में बम्पर इनाम में सोने की अंगूठी आयुषी पाण्डेय को मिली। प्रथम अंकिता मिश्रा, द्वितीय मान्या उपाध्याय व तृतीय सीमा उपाध्याय रही। ब्राम्हण महिला मंच अध्यक्ष बरखा शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा हाथों में तलवार लेकर महिसासुर मर्दनी गाने पर ग्रुप गरबा का प्रदर्शन किया गया। अगले दिन सुबह 101 सुहागिन पूजन व विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेन्द्र श्रोती, भूपेंद्र मिश्रा, सूरज तिवारी, दीप शर्मा, शशांक मिश्रा, डिगेश शर्मा, विक्रांत शर्मा, पीयूष पाण्डेय, युवराज शर्मा, गोपाल शर्मा, अनिल पाण्डेय, हरीश चौबे, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, जनेन्द्र शर्मा, विकास शर्मा, रत्नेश मिश्रा, समीर पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, सागर मिश्रा, प्रियांशु पाण्डेय, दर्श शर्मा, श्रीमती रागिनी मिश्रा, हिना मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## दशहरा पर्व मनाने के पूर्व ही अज्ञात लोगों ने लगा दी रावण के पुतले को आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत भखारा में दशहरा पर रावण दहन की तैयारी की गई थी। इसी बीच अज्ञात तत्वों ने मध्य रात्रि में 40 फ़ीट रावण को आग के हवाले कर दिया। आग से शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी शिकायत थाने में की गई है। नगरवासियों ने थाना भखारा में दिए आवेदन में बताया कि इस वर्ष भी नगर पंचायत भखारा के रामलीला मैदान में नगरवासियों के सहयोग से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके लिए लगभग 40 फुट का पुतला बनाया गया था। नगर पंचायत के शासकीय वाहन लिफ्टर क्रेन का उपयोग रावण पुतला बनाने में किया जा रहा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात्रि में रावण के पुतले को आग के हवाले कर दिया जिससे शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। सांसद प्रतिनिधि रामगोपाल देवांगन ने बताया कि अज्ञात लोगों ने पहले लाइट बंद की। इसके बाद पुतला को जलाया। रात को लगभग 12 बजे तक पूरी तैयारी करके सभी अपने घर चले गए थे।






### खबर संक्षेप



## रमनटोला में शिव महापुराण कथा कल से

**महासमुंद।** नगर के रमन टोला में 15 से 21 अक्टूबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन श्री शिवाय महिला समिति एवं स्थानीय निवासियों द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रवचन श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर गरियाबंद के आचार्य पं. युवराज पांडेय करेंगे। यह कथा केंद्रीय विद्यालय से आगे गौरी शिव मंदिर रमनटोला मैदान में दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक होगी। शिव महापुराण कथा के दौरान 15 अक्टूबर को कलश यात्रा, शिव पुराण महात्म्य, शिव पूजा विधि, भष्मधारण, रूद्राक्ष की महिमा, 16 को ब्रह्मा नारद संवाद, नारद मोह, पार्थिव पूजन विधि, 17 को दक्ष के तप, शिव का वरदान, सती जन्म, शिव-सती विवाह, 18 को सती देह त्याग, सती मोह, रामकथा, गंगा उत्पत्ति की कथा, 19 को पार्वती जन्म, पार्वती तप, कामदेव चरित्र, शिव विवाह, 20 को गणेश जन्म, अंधकासुर की कथा, कृष्ण कथा, बाणासुर कथा, 21 अक्टूबर को शिव के विभिन्न रूपों की कथा, शिवमहापुराण सार, गीता दान, कपिला तर्पण, पूर्णाहुति आदि होंगे।










**महासमुंद।** बोरियाझर, पिटियाझर एवं लाफिनखुर्द में विराजित मां दुर्गा प्रतिमा, जंवारा का गाजे बाजे के साथ विसर्जन किया गया।

# नर्रा में मनाया गया शाही दशहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

खरियार रोड नगर सहित ग्राम नर्रा में विजया दशमी पर असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक है शाही दशहरा पर्व मनाया गया। बुराई स्वरूप रावण के पुतले का दहन किया गया दशहरा महोत्सव के आयोजन की वर्षो पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए रावण भांठा में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां हजारों लोगो के भीड़ के बीच जय श्रीराम के नारों का गूंज के साथ तथा अतिशबाजी कर रावण के पुतले को जलाया गया है।

इस प्रकार जिले के बागबाहरा ब्लाक के राजवाड़ा ग्राम नर्रा में विजयादशमी शाही दशहरा का पर्व ऐतिहासिक रूप से मनाया जाता है। इस दिन देवी दर्शन व पूजा अर्चन के



लिए दूरदराज व आसपास के गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते है। देवी पाठमेसरी की पूजन अर्चन विधि विधान से स्व. जमींदार महेंद्र सिंह दिवाकर के पुत्र प्रवेंद्र दिवाकर के द्वारा किया गया।

शाम करीबन 8 बजे देवी पाठमेसरी अपने निवास स्थान से दलबल एवं बाजे गाजे के साथ ग्राम भ्रमण के लिए निकली। जहां देवी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ पड़ी इस दौरान देवी ने गांव के सभी देवस्थलों में पहुंचकर अपनी उपस्थिति देते हैं। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है यह पर्व संदेश देता है कि विजय हमेशा सत्य की होती है और अधर्म सदैव पराजित होता है वही 20 फीट रावण का पुतले का दहन किया गया दशहरा के अवसर पर रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है दशहरा : चातुरी नंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अंचल में दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में ग्राम बड़े साजापाली में दशहरा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। दशहरा महोत्सव कार्यक्रम में बाजे गाजे के साथ सीता राम की आकर्षक झांकी पूरे गांव में भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंची जहां रावण जलाकर धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया।

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने कहा कि विजयादशमी का यह पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म



की, बुराई पर अच्छाई की और अहंकार पर विनम्रता की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें अहंकार, अभिमान से दूर रहने की सीख देता है, चाहे इंसान कितना भी शक्तिशाली और बुद्धिमान ही क्यों न हो हमें कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए।

# मौहारीभांठा में किया गया रावण दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड न.28 मौहारी भाठा में 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। विजयादशमी का पर्व बहुत हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया जिसमें हजारों की संख्या में जनता उपस्थित थी। दशहरा समिति के संयोजक एवं पूर्व पार्षद विजय एवं श्रीमती अनिता साव पार्षद वार्ड नं. 28 एवं पूर्व सभापति गिरधर यदु, कोमल महानंद पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गोविंद साहू, वार्ड समिति के सदस्य, हितेश दुबे, कपिल यादव, नंदू पटेल, प्रदीप देवगन, पंकज राजपूत, यश पटेल, राजेश चंद्राकर, नोहर साहू, केजू पटेल, टिकेश्वर चंद्राकर, माखन पटेल, गोपाल चंद्राकर, दद्दू सेन, रोशन चंद्राकर, भगवत वर्मा, पूरन चंद्राकर, कृष्णकांत चौहान, गोलू मांडवी, करण पटेल, शंकर यादव, मनोज वर्मा, चंद्रहास साहू, डोमन चंद्राकर, यशु साहू, निखिल साव, अमन साहू, टेकराम यादव, पप्पू साहू, सुरेश यादव, राहुल यादव, वाशु साहू शामिल रहे।

# श्रीराम सनातनी संस्कृति के सशक्त उदाहरण : विधायक संपत

**बसना।** श्री राम जानकी मंदिर समिति की ओर से दशहरा मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव (विजयादशमी) में बसना विधायक संपत अग्रवाल शामिल हुए। श्री राम जानकी मंदिर समिति पदाधिकारियों ने भगवान श्रीरामचंद्र, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, जामवंत एवं अन्य स्वरूपों की आराधना की और अपार जनसमूह की उपस्थिति में दशहरा मैदान में दशानन और अन्य पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान आकर्षक झांकी भी निकाली गई।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि भगवान श्रीराम ऐसे आदर्श थे, जिन्होंने राज




परिवार के सदस्यों के साथ अपनी प्रजा से संबंधों का पूर्ण निर्वहन किया। सनातनी संस्कृति का यह सशक्त उदाहरण है। भगवान राम के दरबार के लिए जिन कलाकारों ने अभिनय किया है, उनकी कला प्रशंसनीय है। विधायक ने समिति के पदाधिकारियों को उत्कृष्ट आयोजन के लिए सराहा।

कार्यक्रम में रमेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, जयनारायण अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अभिमन्यु जायसवाल, प्रकाश सिन्हा, शीत गुप्ता, अरविंद मिश्रा, मोहित पटेल, निर्मलदास, कामेश बंजारा, श्रीराम जानकी मंदिर समिति के पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।।

# खरोरा में हुआ रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कई सालों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए युवाओं ने रामलीला का मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। विदित हो कि बुराई एवं अधर्म के ऊपर अच्छाई एवं धर्म की जीत का प्रतीक दशहरा जिसे विजयादशमी भी कहा जाता है धूमधाम से मनाया गया। रामलीला के मंचन में अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण का शक्ति बाण लगने से मूर्छा, कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध तथा रावण वध का सजीव मंचन युवाओं ने किया। ग्रामवासियों ने रावण की सजीव भूमिका निभाने वाले स्व रोहित चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण किया।





नर्रा। ग्राम राटापाली में अतिशबाजी व लीला मंचन कर रावण का पुतला दहन हुआ।

# बड़गांव में बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ मना दशहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम बड़गांव में कुम्हारपारा चौक रंग मंच में लीला समितियों के सदस्यों द्वारा राम लीला मंचन की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम गणेश वंदना से लीला का शुभारंभ किया गया।

रात 7 बजे रामलीला मंडली के सदस्यों ने राम-रावण के प्रसंग को नाटकीय रूप में कुंभकरण एवं रावण वध का मंचन किया। कार्यक्रम देखने गांवों से बड़ी संख्या में लोग बाजार चौक में उपस्थित हुए। राम-रावण युद्ध के बाद विजय प्राप्त करने के लिए भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण



का वध किया। मंच से ही रावण के पुतले को धनुष-बाण से मारा गया। इसके साथ ही बाजार चौक में रात्रि 12 बजे का रावण दहन किया गया। अहंकार के प्रतीक रावण का पुतला जलाकर, लोगों ने एक दूसरे को विजयदशमी की बधाई दी। इसके बाद आकर्षक आतिशबाजी की गई। इसके बाद गांव वालों ने रंगमंच में भगवान राम और लक्ष्मण को विराजित कर पूजा आरती की व धान, चावल, और पैसा दर्शकों द्वारा दान किया गया। दशहरा पर्व के उत्सव के साथ ही अधिकांश परिवारों द्वारा नवा खाई की रस्म अदा की गई। गांवों में नया धान के चावल का पकवान बनाकर सेवन किया गया। दशहरा के दिन किसान खेतों में पके धान की बाली को घर में लाकर पूजा किया और सभी परिवार सम्मिलित होकर घर के कुल देवी देवता की आराधना कर घर में बने पकवान का लाभ लिए। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा काफी दिनों से चली आ रही है जिसे अब तक निभा रहे है इससे गांव की संस्कृति व परिवार की एकता बनी रहती है।

# चर्म रोग जांच प्रतिदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म, यौन,कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ डा गरिमा शर्मा परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देगी। इसी तरह कान, नाक व गला जांच का आयोजन शाम 4 से 6 बजे तक किया गया है। जांच प्रतिदिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार व शनिवार को किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ डा. चंचल लहरी अपनी सेवाएं देंगे।

# दुर्गा पंडाल में हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति और सितली नाला गायत्री मंदिर खैराभाठा में मां दुर्गा विसर्जन करने भक्तों की खासी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने मातारानी के पंडाल पहुंच कर हवन पूजा अर्चना के पश्चात भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष मनोज चंद्राकर, सुभाष वैष्णव, राहुल तांडी, अखिलेश तिवारी, साईनाथ यादव, प्रकाश यादव, दीपक यादव, अमरु ठेकेदार, गुरुजी, सुरेश चंद्राकर, दिलीप साहू, सुभाष गिरी गोस्वामी, रोमांतक गिरी गोस्वामी, चंद्रकुमार सोना, रेवा कोसरे, चंद्रशेखर साहू, भरत साहू, भेखलाल साहू, अजयगिरी गोस्वामी, आशीष बघेल, भानु नायक, दिनेश चंद्राकर, संतु निषाद, खिलावन यादव, भोला निषाद, ईश्वर यादव, नीलकंठ निषाद, लोचन सेन, किशन यादव, प्रीतम, लोचन कंडरा, उमेश चंद्राकर, राकेश यादव, पंडा भीम सिन्हा, चंद्रिका कंडरा, जितलाल यादव, दीपक बघेल, रवि वैष्णव, भीखम मांझी, कृतलाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नए धान खरीदी केंद्र खोलने उठ रही मांग, विभाग ने चार नए केंद्रों के लिए भेजा है प्रस्ताव

**महासमुंद।** क्षेत्र में नए धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग उठ रही है। खाद्य विभाग ने इस बार जिले में चार नए धान खरीदी केंद्रों के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा है। खाद्य विभाग के पास नांदगांव, कौंदकेरा, गोड़बहाल, पतेरापाली आदि गांव से प्रस्ताव आए थे। इन जगहों का प्रस्ताव उच्च विभाग से स्वीकृत होते ही यहां नया धान खरीदी केंद्र खोले जा सकते हैं। इससे 2 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। उन्हें अपने समीप ही फसल बेचने की सुविधा मिलेगी। जिससे उन्हें परिवहन व श्रम की बचत होगी। वहीं इनकी वजह से होने वाली परेशानियों से भी मुक्ति मिलेगी। बता दें कि किसानों को सुविधा प्रदान करने के लिए हर वर्ष नए केंद्र स्वीकृत किए जाते हैं। पिछले साल 2023-24 में 13 नए केंद्र बनाए गए थे। इनमें इंदरपुर, खोखसा, कढ़ा, साल्हेभांठा, धनोरा, मोहगांव, बेलटुकरी, बोड़ाबांधा, परसदा, लांती आदि 13 केंद्र शामिल है। इससे आस-पास के गांवों को काफी सुविधा मिली। जिले में वर्तमान में कुल 182 धान उपार्जन केंद्र हैं। पिछले साल लगभग 112 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इस साल भी धान की खरीदी का पुराना रिकॉर्ड टूट सकता है। सहायक खाद्य अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि चार नए केंद्रों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। कई जगहों से ग्रामीण किसान धान खरीदी के लिए अपने समीप ही नए केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411